हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
31 मई 2026, समय 18:10

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के इस मौसम में अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

2. 'मन की बात' कार्यक्रम में श्री मोदी ने आम की खेती में किसानों के योगदान की सराहना की और आम को कृषि अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया।

3. श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों में तारामंडल देखने की अपील की।

4. पंचकूला के रामगढ़ स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की प्रयोगशाला में हाई कैलिबर बम का सफल परीक्षण किया गया।

5. हरियाणा की नवनियुक्त बीजेपी अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता और कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मन की बात के आज के संस्करण को ज्ञानवर्धक व युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

======================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत,बेल पन्ना,पनाकम,नीर,मोर,सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन जैसे देशी पेय पदार्थों का सेवन करने का सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले आम की किस्मों की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के आम का स्वाद अनूठा और उसकी महक सोंधी होती है।

श्री मोदी ने आम की खेती में किसानों के योगदान की सराहना की और कहा कि आम हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता की चर्चा भी की। इसमें लगभग 800 एथलीटों ने भाग लिया था।

श्री मोदी ने 100 मीटर दौड़ में रिकॉर्ड तोड़ने वाले गुरिंदर वीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बात भी की।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड सरकार ने चोल कालीन ताम्र-पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी-सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन प्लेटें भी मिली हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में एक नहर में गंगा डॉल्फिन को बचाने वाले वीडियो का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे अभियान के तहत बनाई गई भारत की पहली गंगा डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने कहा कि गंगा डॉल्फिन संरक्षण से नदी की जैव विविधता और अमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में निःशुल्क तैराकी क्लब चलाने वाले अलुवा के साजी वलाशेरिल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्तरप्रदेश के बस्ती के आकाश गुप्ता का जिक्र किया जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाँव की मनोरमा नदी को साफ किया। श्री मोदी ने गोवा के सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण अय्या की कहानी भी साझा की जिन्होंने मट्टी-टोलाप क्षेत्र में जल-संकट के समाधान के लिए काम करना शुरू किया है।प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के नागरकोइल में 15 स्कूल चलाने वाली शिक्षिका गिरिजा अम्मा की भी बात की जिन्होंने 'मन की बात' से प्रेरित होकर देश के सैनिकों के लिए योगदान देने का संकल्प लिया और बच्चों से सैनिकों के लिए रोज़ एक रुपया दान करने की अपील की। उन्होंने इससे मिले लगभग 40 लाख रुपये प्रधानमंत्री को सौंपे।

प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष अपनी 50 वर्ष पूरे करने वाले चेन्नई के पहले हिंदू विद्यालय का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय नेटवर्क ने देश की शिक्षा और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे लोगों को पहचानें और स्वयं भी अच्छे कार्यों से जुड़ें।

==========================

हरियाणा के पंचकूला के रामगढ़ स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन -डीआरडीओ की प्रयोगशाला टीबीआरएल में आज हाई कैलिबर बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण वायु सेवा के उच्च अधिकारियों की देखरेख में पूरे सुरक्षा प्रबंधों के बीच किया गया। अधिकारियों के अनुसार परीक्षण सफल रहा और निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत पूरा किया गया।

======================================

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड को सुना गया।

पानीपत के समालखा में लोगों ने नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व पूर्व मंत्री जेपी दलाल के साथ श्री मोदी के विचार सुने।

अमबाल में कार्यक्रम सुनने के बाद कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि श्री मोदी ने आज भी देश के अनसुने नायकों और प्रेरणादायक कार्यों को जनता के सामने लाने का महत्वपूर्ण काम किया है।प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों का जिक्र कर युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया है।

=================================

जींद में भी ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरों तक बेहद उत्साह के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना गया। जिला जींद की वरिष्ठ महिला भाजपा नेता एवं नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी ने कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने याद दिलाया है कि गर्मी से बचने की राहत हमारी अपनी रसोई में ही छिपी है। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों की कहानियों को साझा कर युवाओं को प्रेरित किया है।

======================================